आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, रविवार 12 जनवरी 2025
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# विनीत धीर बने जालंधर के नए मेयर

## बलवीर बिट्टू सीनियर डिप्टी मेयर और मलकीत सुभाना डिप्टी मेयर

## सर्वसम्मति से आप पार्षदों ने विनीत धीर को चुना मेयर





**जालंधर( हर्ष शर्मा ):** आम आदमी पार्टी के वनीत धीर को नवनिर्वाचित पार्षदों की उपस्थिति में बहुमत के साथ नगर निगम जालंधर का मेयर चुना गया। धीर के नाम का प्रस्ताव दो पार्षदों ने रखा, जिस पर बाकी पार्षदों ने सहमति जताई। इसी प्रकार बहुमत से सहमति जताने के बाद बलबीर सिंह बिट्टू को सीनियर डिप्टी मेयर और मलकीत सिंह को डिप्टी मेयर चुना गया। आम आदमी पार्टी के पार्षद गुरमिंदर सिंह ने पीठासीन अधिकारी की भूमिका निभाई।

### पार्षदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

इससे पहले डिवीजनल कमिश्नर अरुण सेखडी ने नवनिर्वाचित पार्षदों को पद और गोपनीयता बनाए रखने की शपथ दिलाई। नगर निगम कमिश्नर गौतम जैन ने गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत, विधायक बलकार सिंह, रमन अरोड़ा, परगट सिंह, बावा हैनरी और सुखविंदर कोटली भी मौजूद थे।

### आप को मिली थी 38 सीटें

जालंधर में कुल 85 वार्ड हैं। जिसमें से आम आदमी पार्टी को 38 सीटें मिली थी। बहुमत के लिए आम आदमी पार्टी को 43 पार्षदों की जरूरत थी। बाद में कई पार्षदों ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी छोड़ आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर ली। इसके साथ ही 2 निर्दलीय पार्षदों ने भी आम आदमी को समर्थन देने का एलान किया था।

इस सभी पार्षदों के समर्थन से आम आदमी पार्टी के पास 46 सीटें हो गई जिससे उसे बहुमत मिल गया।

## तीनों पदों पर पुरुषों का दबदबा, महिलाओं को नज़रअंदाज करना पार्टी को पड़ेगा भारी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने तीनों पदों पर पुरुष उम्मीदवारों को चुना है। विनीत धीर को मेयर, बलवीर बिट्टू को सीनियर डिप्टी मेयर और मलकीत सुभाना को डिप्टी मेयर बनाया गया।

हालांकि, पार्टी ने किसी भी महिला पार्षद को इन प्रमुख पदों के लिए मौका नहीं दिया, जिसे लेकर सवाल उठने लगे हैं। विपक्षी पार्टियों ने इस फैसले की आलोचना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण के खिलाफ बताया है। यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि क्या पार्टी को महिला पार्षदों की काबिलियत पर भरोसा नहीं था, या उन्हें जिम्मेदारी देने से जानबूझकर वंचित किया गया।

आम आदमी पार्टी की ओर से इस मामले पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन यह मामला राजनीतिक चर्चा का केंद्र बन चुका है।

## पटियाला के मेयर बने कुंदन गोगिया



आम आदमी पार्टी ने नगर निगम पटियाला के मेयर पद की जिम्मेदारी साधारण परिवार से जुड़े और पार्टी के पुराने कार्यकर्ता कुंदन गोगिया को दी है। पार्टी कार्यकर्ता दीक्षित राज कपूर ने इस फैसले का स्वागत करते हुए पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कुंदन गोगिया ने हमेशा लोगों की सेवा की है और उनकी कड़ी मेहनत को सराहा गया है। दीक्षित राज कपूर ने सीनियर डिप्टी मेयर हरिंदर कोहली और डिप्टी मेयर जगदीप सिंह जग्गा की भी तारीफ की, जो पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि इस फैसले से 2027 के विधानसभा चुनाव का रास्ता तैयार हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा लोगों की सेवा की है और इसके कामों की सराहना देशभर में हो रही है। पार्टी भविष्य में भी इसी तरह जनता के लिए काम करेगी।

### आम आदमी पार्टी पर छाए संकट के बादल



## विनीत धीर के मेयर बनते ही तरसेम लखोत्रा ने छोड़ी आम आदमी पार्टी

### कई और पार्षद हो सकते है बागी

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



## जालंधर के नए मेयर विनीत धीर का बड़ा ऐलान

# नगर निगम होगा करप्शन फ्री

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जालंधर में आम आदमी पार्टी ने 46 पार्षदों के बहुमत के साथ अपना मेयर नियुक्त कर दिया। वार्ड नंबर 62 से पार्षद विनीत धीर को मेयर बनाया गया है। पद संभालते ही विनीत धीर ने करप्शन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देना और शहर का सर्वांगीण विकास करना होगा।

### स्मार्ट सिटी घोटाले की जांच की मांग

जालंधर के मेयर विनीत धीर ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि पिछली सरकार में स्मार्ट सिटी योजना के तहत 1000 करोड़ रुपए की धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि इस घोटाले की पूरी जांच करवाई जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान राजनीति हो सकती है, लेकिन शहर के विकास में राजनीति की कोई जगह नहीं होगी। सभी दलों के पार्षदों को साथ लेकर शहर के हर कोने का विकास किया जाएगा।



### महिला पार्षदों को मिलेगा प्रतिनिधित्व

महिला पार्षदों को मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद पर मौका न देने के सवाल पर विनीत धीर ने कहा कि यह पार्टी का सामूहिक निर्णय था, जिसे सभी पार्षदों ने स्वीकार किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि निगम की एडहॉक कमेटियों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

### शहर की तस्वीर बदलने का वादा

मेयर ने कहा कि शहर की बदहाल स्थिति और निगम के खाली खजाने को वे एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगले पांच साल में जालंधर को एक नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा, जो भरोसा पार्टी और परमात्मा ने मुझ पर जताया है, मैं उसे पूरा करने की कोशिश करूंगा। यह सेवा निरंतर जारी रहेगी।

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट कर विनीत धीर को मेयर, बलबीर सिंह बिट्टू को सीनियर डिप्टी मेयर और मलकीत सिंह को डिप्टी मेयर बनने पर बधाई दी। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से इन पदों को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, जो अब समाप्त हो गई हैं।

## AAP पंजाब प्रधान अमन अरोड़ा ने मेयर विनीत धीर को दी बधाई, कहा- जालंधर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जालंधर में आम आदमी पार्टी ने विनीत धीर का मेयर के तौर पर ऐलान कर दिया है। सीनियर डिप्टी मेयर के तौर पर बलबीर सिंह बिट्टू और डिप्टी मेयर के रूप में मलकीत सिंह को बनाया है। आप के पंजाब प्रधान अमन अरोड़ा ने तीनों को बधाई दी और कहा कि हमारे यह तीनों साथी जालंधर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और सभी पार्षदों को अपने साथ लेकर काम करेंगे।

**जश्न नहीं मनाएगी आप पार्टी :** जालंधर में आप के मेयर के बनने को लेकर आप पार्टी जश्न नहीं मनाएगी। अमन अरोड़ा ने कहा कि विधायक गोगी के अचानक निधन होने के कारण पार्टी ने जश्न न मनाने का फैसला किया है।

क्योंकि लुधियाना में हमारे साथी और विधायक के साथ बहुत दुखद घटना घटी है। जो भी जश्न होगा वह आदमी पार्टी नहीं मनाएगा।

**महिलाओं की बड़े स्तर पर नियुक्तियां :** उन्होंने कहा कि आरोप जो मर्जी लगाई जाए। पर महिलाओं ने हमारी पार्टी की तरफ से पहले भी नुमांइदगी की है, कर रही है और आगे करेंगी भी। आने वाले समय में बड़े स्तर पर नई नियुक्तियों पर महिलाओं को नुमाइंदगी दी जाएगी।

### पार्षदों के बसों में लाने पर भी बोले

रेडक्रॉस भवन में आम आदमी पार्टी सभी पार्षदों को बस में भरकर लाई। इस पर अमन अरोड़ा ने कहा कि हमारे पास पार्षद ज्यादा हैं, इसलिए हम बस में एकसाथ उन्हें लाएं हैं। जिनके पास दो-दो, तीन-तीन पार्षद हैं, वह मोटरसाइकिल और स्कूटर पर लेकर आएंगे। यही तकलीफ हो रही हैं उन्हें।

## जालंधर के मॉडल टाउन के Geeta Mandir को चोर ने बनाया निशाना, नगदी लेकर हुआ फरार, देखें वीडियो

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** पंजाब में चोरी की वारदातें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला जालंधर महानगर के पॉश इलाके में मॉडल टाउन से आया है। जहां गीता मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया। घटना देर रात की है, जहां चोर मंदिर की तिजौरी से हजारों रुपए लेकर फरार हो गए। वही यह सारी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



### जांच में जुटी पुलिस

सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि बड़े आराम से चोर तिजौरी से पैसे निकाल रहा है। चोर देर रात 2 बजे मंदिर में घुसा और 3 दान पात्र तोड़कर पैसे लेकर फरार हो गया। घटना के बारे में सुबह पंडित ने मंदिर के प्रधान विजय खुल्लर को घटना की सूचना दी। मामले की जानकारी देते हुए विजय खुल्लर ने बताया कि चोर तिजौरी से 15 से 20 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना थाना नंबर 6 की पुलिस को दे दी गई है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## जालंधर-पठानकोट नेशनल हाईवे पर कार सवार युवकों की गुंडागर्दी, पेट्रोल जल्दी न डालने पर पंपकर्मियों से की मारपीट

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** जालंधर-पठानकोट नेशनल हाईवे पर राउवाली के पास यूनिक फीलिंग पेट्रोल पंप पर देर रात विवाद हो गया। जिसके बाद कार से एक व्यक्ति निकला और उसने पेट्रोल पंप के कर्मचारियों के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

पेट्रोल पंप के मालिक राम निरंजन कंठ ने बताया कि जब उनके पेट्रोल पंप में आई20 कार आई, जिसपर पंजाब पुलिस का स्टीकर लगा हुआ था। गाड़ी में 5 से 6 व्यक्ति मौजूद थे और जल्दी से पहले अपनी कार में तेल डलवाने को कहा। पंपकर्मियों ने कहा कि मैं एक गाड़ी में पहले पेट्रोल डाल दूं उसके बाद तुम्हारी गाड़ी में पेट्रोल डाल दूंगा। इस बात को लेकर कार सवार लोगों ने पेट्रोल पंप के 2 कर्मचारियों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों में एक बुजुर्ग व्यक्ति भी शामिल है, जिसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना थाना मकसूदां की पुलिस को दे दी गई है।

ASI राजिंदर सिंह ने बताया कि घायलों की पहचान राजिंदर प्रसाद, विशाल तिवारी के रूप में हुई है। सीसीटीवी कब्जे में ले ली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावारों की तलाश कर जांच की जा रही है और उक्त गाड़ी का नंबर भी ट्रेस हो गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# लुधियाना के एमएलए गोगी की गोली लगने से मौत, पुलिस ने कहा पिस्टल साफ कर रहे थे



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** लुधियाना वेस्ट से आम आदमी पार्टी के एमएलए गुरप्रीत बस्सी गोगी की घर में गोली लगने से मौत हो गई है। घटना रात करीब 12 बजे की है। पुलिस के मुताबिक गोगी लाइसेंसी पिस्टल साफ कर रहे थे कि अचानक गोली चल गई। गोली सिर से आर-पार हो गई। उन्हें दयानंद मेडिकल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ADCP जसकरण सिंह तेजा ने बताया कि पिस्टल 25 बोर का था। विधायक की मौत किन हालातों में हुई है ये कहना जल्दबाजी होगी। डिप्टी कमिश्नर जितेन्द्र जोरवाल और पुलिस कमिश्नर कुलदीप चहल अस्पताल में पहुंचे। बाद में अधिकारी गोगी के घर भी पहुंचे।

**पत्नी किचन में थी कि गोली चली**

पार्टी के राज्यसभा सांसद संत बलवीर सिंह सींचेवाल शुक्रवार को लुधियाना में थे। गोगी शुक्रवार शाम बुड्ढा दरिया पर उनसे मिले व अन्य कई कार्यक्रमों में शिरकत की। नौकर ने गोगी के लिए खाना बनाया मगर अचानक उनके कमरे से गोली चलने की आवाज आई। जब पत्नी, बेटा और नौकर कमरे में पहुंचे तो वह खून से लथपथ जमीन पर गिरे हुए थे। परिवार ने सिक्योरिटी को बुलाया। सभी उन्हें अस्पता लेकर पहुंचे। डीएमसी के डाक्टरों ने इलाज शुरू किया, मगर कुछ देर बाद डाक्टरों ने परिवार को उनके मृत होने की सूचना दी।

### अमन अरोड़ा घर पहुंचे

पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा सुबह साढ़े 4 बजे गोगी के घर पहुंचे। अमन अरोड़ा ने कहा कि गोगी के परिवार और पार्टी को पूरा ने होने वाला घाटा पड़ा है। गोगी बहुत ही मेहनती नेता थे। परिवार के साथ उनकी संवेदना है। 2022 के विधानसभा चुनाव में गोगी लुधियाना के वेस्ट विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को हराया था। गोगी को करीब 40 हजार वोट मिले थे।

## अबोहर का 6 साल का बच्चा दौड़कर रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचा, सीएम योगी ने किया सम्मानित

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** पंजाब के अबोहर से छह साल का बच्चा मोहब्बत अबोहर से अयोध्या तक करीब 1100 किमी तक दौड़ कर श्री रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचा। शनिवार को अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस छह वर्षीय मोहब्बत नामक बच्चे को सम्मानित किया। अयोध्या में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बच्चे से मिले। सीएम योगी ने बच्चे को मोबाइल फोन गिफ्ट किया। मुख्यमंत्री योगी और बच्चे ने मिलकर जय श्रीराम का नारा लगाया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे की पीठ भी थपथपाई और कुछ देर उससे बात की। बता दें कि अबोहर का छह साल का बच्चा मोहब्बत अबोहर से अयोध्या तक करीब 1100 किमी तक दौड़कर श्रीराम लला क दर्शन करने पहुंचा। रास्ते में यह नशे के खिलाफ और पर्यावरण बचाने का संदेश देता गया। यह बच्चा 14 नवंबर 2024 को श्री बाला जी धाम मंदिर से आशीर्वाद लेकर रवाना हुआ था।



## अफीम, कोकीन और हेरोइन... नशे के जंजाल में बुरी तरह फंसे पंजाब के युवा, सामने आए डरा देने वाले आंकड़े



**जालंधर( अंशु कपूर ) :** ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है।

पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है।

पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में टॉप राज्यों में आता है। यह डाटा शनिवार को 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन में पेश किया गया।

यह सम्मेलन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से बुलाय गया जिसमें संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्री व वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पहले पंजाब ड्रग्स का ट्रांजिट रूट था परंतु अब खपत का भी बड़ा केंद्र बन गया है।

### ड्रग तस्करों के नेक्सस का तोड़ने के लिए थानों में तबादला

उन्होंने कहा कि पुलिस से ड्रग तस्करों के नेक्सस को तोड़ने के लिए थानों के मुंशी स्तर तक बड़े तबादले किए गए। थानों का यह हाल हो गया था कि यदि गांव वाले किसी तस्कर को पकड़कर लाते तो लोगों के घरों में पहुंचने से पहले तस्कर अपने गांव पहुंच जाता था। उन्होंने अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी सुझाव दिया कि वे इस प्रकार का प्रयोग कर सकते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने विशेष अदालतों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता देने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री के हस्तक्षेप की मांग की। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से पंजाब में एक विशेष एनडीपीएस अदालत बनाने की अपील की। उन्होंने छह सीमावर्ती जिलों के लिए लाइव निगरान प्रणाली, जेलों के लिए 5-जी जैमिंग उपकरण, सहित अन्य साजो सामान की जरूरत बताते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स पंजाब व जेल विभाग से संबंधित ढांचे की मजबूती के लिए 16वें वित्त आयोग के माध्यम से 2829 करोड़ रुपए के फंड देने की मांग की।

### 7 मकानों में लगाई आग

उधर, बठिंडा के अंतर्गत गोनियाना मंडी के गांव दान सिंह वाला में गांववालों ने हेरोइन बेचने का विरोध किया तो तस्करों ने सात घरों में आग लगा दी। इतना ही नहीं तस्करों के 50 से अधिक साथियों ने तेजधार हथियारों से ग्रामीणों पर भी हमला कर दिया। महिलाओं व बच्चों ने भागकर अपनी जान बचाई।

# जालंधर में चाइना डोर की चपेट में आने से व्यक्ति का बुरी तरह कटा गला, बेहोश होकर सड़क पर गिरा

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब में चाइना डोर के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जालंधर के आदमपुर से एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां एक 45 साल का व्यक्ति चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति हरप्रीत सिंह गांव सरोबाद का रहने वाला है। सौभाग्य से हरप्रीत सिंह की सांस की नली बच गई और फिलहाल उसकी जान खतरे से बाहर है।


### राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल

पत्नी सतिंदर कौर ने बताया कि दोपहर को उसके पति मोटरसाइकिल पर किसी निजी काम से आदमपुर गए थे, लेकिन आदमपुर से लौटने के बाद आदमपुर-भोगपुर जीटी रोड पर गांव नाहल में चाइनीज डोर की चपेट में आ गए। जिसके बाद वह बेहोश हो गए और राहगीरों ने उन्हे आदमपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### जांच में जुटी पुलिस

फिलहाल उसकी हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई। गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने चाइना डोर पर प्रतिबंध लगा दिया है। पंजाब में पुलिस प्रशासन चाइना डोर के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रहा है, लेकिन उनके दावे झूठ साबित हुए हैं। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।





आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# अरे बाप रे! इन बदमाशों ने मनी हाईस्ट के चोरों को भी पछाड़ा, Atm लूटने की बनाई ऐसी प्लानिंग पुलिस रह गई हैरान



## YouTube से ली थी ATM काटने की ट्रेनिंग

पुलिस ने पूछताछ के दौरान पाया कि आरोपितों ने यूट्यूब पर एटीएम काटने की ट्रेनिंग ली और एटीएम काटने के दौरान इस्तेमाल होने वाला सामान ऑनलाइन मंगवाया था। जिसके बाद आरोपितों ने 5-6 जनवरी को डेरी वाल दरोगा और 7-8 जनवरी को भटोया में स्टेट बैंक के एटीएम को काटने की कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे में से एक गैस कटर, गैस सिलेंडर और बाइक बरामद कर ली है।

पुलिस अब आरोपितों को अदालत में पेश कर सख्ती से पूछताछ करेगी कि आरोपितों की तरफ से और कितनी घटनाओं को अंजाम दिया है।

## हवलदार प्रवीन कुमार पर पहले से भी दर्ज है मामला

आरोपित हवलदार प्रवीन कुमार सिलीगुड़ी में भी तैनात रहा है और वहां पर भी इस के खिलाफ एक शिकायत दर्ज है जबकि इसके पलवल में भी एक मामले की शिकायत दर्ज है। जबकि अन्य दोनों आरोपितों की परिवारों की आर्थिक हालात ठीक नहीं हैं। पुलिस ने पहले आरोपित हीरा मसीह और गोल्डी को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद ही पुलिस को आरोपित हवलदार प्रवीण कुमार के बारे में जानकारी मिली थी। जिसके बाद पुलिस आरोपित को तिबड़ी कैंट से गिरफ्तार कर लाई है। पुलिस के अनुसार आरोपित धुंध का फायदा उठा कर आरोपितों ने सुनसान जगहों पर लगे एटीएम काटने की योजना बनाई थी।

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** बटाला पुलिस ने गांव डेयरी वाल दरोगा में स्टेट बैंक के एटीएम और दीना नगर के भटोया अड्डे पर पीएनबी के एटीएम को गैस कटर से काटने की असफल कोशिश के तहत तिबड़ी कैंट में तैनात हवलदार और कैंट में ही प्राइवेट काम करने वाले एक अन्य साथी सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने एटीएम काटने की ट्रेनिंग यूट्यूब पर ली थी और सामान को ऑनलाइन मंगवाया था।

### गैस कटर से की थी ATM काटने की कोशिश

पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एसपी डी गुरप्रीत सिंह सहोता ने बताया कि छह जनवरी को थाना सेखवां के अंतर्गत आते गांव डेरी वाल दरोगा में स्थित स्टेट बैंक के एटीएम को अज्ञात की तरफ से गैस कटर से काटने की असफल कोशिश की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने थाना सेखावां में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**पुलिस ने तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार :** इसी दौरान पता चला कि आरोपितों ने एटीएम में लगे सीसीटीवी पर पहले स्प्रे किया और बाद में गैस कटर की सहायता से उसे काटने की असफल कोशिश की थी।

जिसके बाद पुलिस ने आरोपितों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई और जांच के दौरान पता चला कि आरोपित हवलदार प्रवीण कुमार पुत्र सूब करम वासी गरोटा तहसील पलवल, जिला होडल हरियाणा जो अभी तिबड़ी कैंट में तैनात है।

उसका साथी तिबड़ी कैंट में ही प्राइवेट काम करने वाला हीरा मसीह पुत्र जुरा मसीह और गोल्डी पुत्र रूप लाल दोनो वासी सोरियां बांगर थाना काहनूवान हैं। जिसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।



## 14 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे राजस्व अधिकारी, तहसीलों में काम हो जाएंगे ठप

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब के राजस्व अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की घोषणा कर दी है। राजस्व अधिकारी पंजाब राजस्व अधिकारी संघ की अगुवाई में 14 जनवरी से हड़ताल पर जा रहे हैं, जिसके चलते तहसीलों में कामकाज ठप हो जाएगा। संघ के अध्यक्ष सुखचरण सिंह चन्नी ने घोषणा की कि यह कदम सरकार द्वारा उनके मुद्दों को सुलझाने में लापरवाही और उनकी कथित अवैध गिरफ्तारी के विरोध में उठाया गया है। उन्होंने कहा कि विजिलेंस ने मेरे ऊपर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है और मुझे गिरफ्तार भी किया गया। मैंने इसके खिलाफ निष्पक्ष जांच की मांग की थी। सरकार ने जांच का एलान किया था, इसलिए उनकी मांग है कि यह जांच जल्द पूरी की जानी चाहिए और मेरे खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द की जानी चाहिए।

संघ ने सरकार द्वारा उनके साथ किए जा रहे अनुचित व्यवहार पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि सरकार ने उनकी शिकायतों को नजरअंदाज किया है, जिससे अधिकारी असहाय महसूस कर रहे हैं।

## पुलिस थानों पर हमले में बड़ा खुलासा: ब्रिटिश आर्मी का एक और जवान पाकिस्तान बैठे आतंकी रिंदा का हैंडलर

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब में पुलिस थानों पर हुए ग्रेनेड हमलों की जांच में पुलिस ने नया खुलासा किया है। पुलिस का मानना है कि ग्रेनेड हमलों के पीछे ब्रिटिश आर्मी में पंजाब से तालुक रखने वाले कुछ जवानों भी है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के चीफ हरविंदर सिंह रिंदा और खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के रणजीत सिंह नीटा ब्रिटिश आर्मी में भारत से विशेषकर पंजाब के युवाओं को अपना हैंडलर बना रहे हैं। इनके जरिये वह ब्रिटिश आर्मी में सूबे के युवा जवानों को अपनी खालिस्तान मूवमेंट से जोड़ रहे हैं।



**अर्श डल्ला की गिरफ्तारी के बाद हैप्पी पासिया बना रिंदा का हैंडलर :** कनाडा में अर्श डल्ला की गिरफ्तारी के बाद से अब आतंकी रिंदा ने हैप्पी पासिया को अपने हैंडलर बना लिया है। आईएसआई और बीकेआई चीफ रिंदा के कहने पर पासिया, जीवन फौजी और नवाशहरियां ये तीनों ग्रेनेड हमलों और आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की प्लानिंग में जुटे हैं। बीते दिनों पीलीभीत में हुए यूपी और पंजाब पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में तीन आतंकियों को ढेर किया गया था। इस दौरान पुलिस जांच में सामने आया था कि केजेडएफ का चीफ नीटा ग्रीस में अपने हैंडलर जसविंदर सिंह मन्नू और यूके में जगजीत सिंह के जरिये ऑपरेट कर रहा है। जगजीत सिंह अपनी पहचान फतेह सिंह बग्गी के तौर पर ब्रिटिश आर्मी में सेवाएं दे रहा है और नीटा के कहने पर केजेडएफ के लिए पंजाब में ग्रेनेड हमलों को अंजाम दे रहा है।

पुलिस जांच करते हुए इसकी तह तक पहुंची तो यह बात सामने आई है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल के चीफ हरविंदर सिंह रिंदा भी ब्रिटिश आर्मी में अपने हैंडलर तैयार कर चुका है। पुलिस के हाथ बीकेआई के ब्रिटिश आर्मी में मौजूद इस हैंडलर के सुराग लगे हैं। ऐसे में पंजाब पुलिस ने अब भारतीय एजेंसियों के जरिये इन हैंडलरों पर विशेष निगरानी रखनी शुरू कर दी है।

**ब्रिटिश आर्मी जॉइन करने वाले पंजाबी युवाओं पर नजर :** खालिस्तान समर्थक आतंकी और पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई ब्रिटिश आर्मी में जॉइन करने वाले पंजाबी युवाओं को अपना हैंडलर बनाने को लेकर मॉड्यूल तैयार कर रही है।

यहां तक कि आईएसआई और खालिस्तान समर्थक संगठनों की ओर से पंजाब के युवाओं को विशेषकर प्रदेश के सरहदी इलाके के नौजवानों को ब्रिटिश आर्मी में नौकरी लगवाने के अपने जाल में फंसाकर एक बार उन्हें इसका हिस्सा बनाने के बाद पंजाब में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने का मॉड्यूल ऑपरेट किया जा रहा है।

# कनाडा पुलिस का दावा : निज्जर हत्याकांड में किसी हत्यारोपी को नहीं मिली जमानत, जेल में हैं सभी

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा पुलिस ने दावा किया है कि चारों आरोपी जेल में हैं और किसी को जमानत नहीं दी गई है। आरोपी करण बराड़, करणप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और अमनदीप सिंह पर फर्स्ट डिग्री मर्डर के साथ ही मर्डर की साजिश का भी आरोप लगाया गया था। उनको जमानत देने की बात सामने आई थी, लेकिन अब कनाडा पुलिस ने तस्वीर साफ कर दी है।



कनाडा के आरसीएमपी के आई हिट विभाग के मीडिया रिलेशन अधिकारी ने अधिकारिक रूप से बताया कि निज्जर हत्याकांड मामले में शामिल चारों आरोपियों को जमानत नहीं मिली है। उन्होंने आधिकारिक रूप से बयान देने के लिए अपना फोन नंबर 236-334-3081 जारी भी किया है। आई हिट विभाग कनाडा पुलिस का विंग है, जो निज्जर हत्याकांड की जांच कर रहा है। चारों आरोपियों को हिरासत में हैं और वे अभी भी हिरासत में ही रहेंगे। अगली अदालती पेशी 11 फरवरी को एक प्री-ट्रायल कॉन्फ्रेंस है और वे 12 फरवरी को भी अदालत में पेश होंगे।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# घर के बाहर खेल रहे 11 साल के मासूम को कुत्तों ने नोच कर मार डाला, घसीटकर खेतों में ले गए थे

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** लुधियाना के गांव हसनपुर में शनिवार को खूंखार आवारा कुत्तों के झुंड ने 11 साल के हरसुखप्रीत सिंह को नोच नोच कर मार डाला। इसके बाद एक बाहरी राज्य के मजदूर परिवार के बच्चे को भी कुत्तों ने गंभीर घायल कर दिया।

हरसुखप्रीत सुबह घर के बाहर खेल रहा था। तभी कुत्ते उसे घसीट कर गेहूं के खेतों में ले गए और नोच कर मार डाला। मृतक गांव के स्कूल में 5वीं का छात्र और घर का इकलौता बेटा था। एक हफ्ते के अंतराल में कुत्तों द्वारा दूसरे मासूम को नोच कर मारने की घटना से लोगों का गुस्सा उफान पर है।

पांच दिन पहले बाहरी राज्य के मजदूर परिवार के 11 वर्षीय अर्जुन को भी हड्डारोड़ी के इन खूंखार कुत्तों ने नोच कर मार डाला था और शरीर के





अधिकतर हिस्से को खा गए थे। शंकर लाल और रीटा देवी का बेटा अर्जुन भी गांव के स्कूल में कक्षा चार का विद्यार्थी था। गांव के बाहर झुग्गियों में रहने वाला अर्जुन पतंग लूटने दौड़ा था जब कुत्तों ने उसे नोच खाया।

आज मासूम हरसुखप्रीत भी इन कुत्तों का शिकार बन गया। किसान रंधीर सिंह खेतों में बने घर में रहते हैं और हरसुखप्रीत उनका इकलौता बेटा था। पिछले तीन महीने में कुत्तों हमले की 14वीं घटना से गुस्साए गांव वासियों ने लुधियाना फिरोजपुर राष्ट्रीय मार्ग पर यातायात ठप कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

लोगों ने डीसी एसएसपी और आईजी तक को इस समस्या के बारे में अवगत कराया है, लेकिन कोई हल नहीं हुआ।




## रायपुर में निर्माणाधीन इमारत के 7वीं मंजिल से गिरे मजदूर, दो की मौत; 8 गंभीर रूप से घायल

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से एक दुखद खबर सामने आई है। वीआईपी रोड स्थित एक निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स की सातवीं मंजिल का सेंट्रिंग गिरने से 11 मजदूर मलबे में दब गए। इस हादसे में इलाज के दौरान दो मजदूर की मौत हो गई है, जबकि 8 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है। अभी भी दो मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका है। कलेक्टर गौरव सिंह ने इस घटना की पुष्टि की है। यह घटना तेलीबांधा



थाना क्षेत्र में हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायल मजदूरों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान दो मजदूरों ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, वीआईपी रोड स्थित अविनाश एलिगेंस नामक निर्माणाधीन आवासीय कॉम्प्लेक्स में यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि जब छत की ढलाई का काम चल रहा था, तभी सातवीं मंजिल का सेंट्रिंग अचानक गिर गया, जिसके नीचे 11 मजदूर दब गए।

### रुह कंपा देंगी ये तस्वीरें

# खून से नहा गई सिपाही शाहरुख की बाइक, गले से हटाया मांझा और फूट पड़ा लहू का फव्वारा

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** सिपाही शाहरुख के साथ हुई घटना जिसने भी देखी, वह अंदर तक कांप गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पुल से नीचे उतरते ही चाइनीज मांझा सिपाही के गले में कस गया था। उसने चलती बाइक पर ही मांझे को हाथ से हटाने का प्रयास किया, लेकिन वह अंदर तक धंसता चला गया। गला कटने के बाद वह बाइक समेत सड़क पर गिर गए। कुछ देर छटपटाने के बाद उनकी मौत हो गई।

**सपने में नहीं की होगी मौत की ऐसी कल्पना**

विभागीय काम से राजकीय मेडिकल कॉलेज जा रहे शाहरुख ने सपने में भी ऐसे भीषण हादसे की कल्पना नहीं की होगी। अजीजगंज के लोगों ने भी जो भयावह दृश्य देखा, उसे वे भी जल्द भूल नहीं पाएंगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब उनकी नजर शाहरुख की बाइक की ओर गई तो वह अपने हाथ से मांझे




को हटाने का प्रयास कर रहे थे।

**किसी ने किया मांझा लूटने का प्रयास!** ऐसा लग रहा था कि जैसे मांझे को दोनों ओर से किसी ने पकड़ रखा हो। हो सकता है कि पतंग कटने के बाद किसी ने मांझे को लूटने का प्रयास किया होगा। 10-15 सेकंड में ही गले पर मांझे का कसाव बढ़ने से उनकी बाइक दुर्गा इंडस्ट्रीज के सामने गिर गई।

**जमीन पर छटपटपा रहे थे शाहरुख**

आसपास के लोग भागकर मौके पर पहुंचे तो देखा कि शाहरुख जमीन पर पड़े छटपटा रहे थे। उनकी गर्दन पर मांझा भी फंसा हुआ था। गला काफी अंदर तक कट चुका था। बाइक भी खून से सन चुकी थी। गले से खून फव्वारे की तरह निकल रहा था। देखते-देखते कुछ सेकंड में ही शाहरुख का शरीर निढाल हो चुका था।

**हादसा देख रो पड़ा रिक्शा वाला**

लोगों ने तुरंत पीछे से आ रहे एक ई-रिक्शा को रोका। उसमें बैठाकर लोग खुद ही सिपाही को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने देखते ही शाहरुख को मृत घोषित कर दिया। अजीजगंज रोड पर सुमित की टेंट हाउस की दुकान है। हादसा उनकी दुकान के पास ही हुआ। हादसे का मंजर देखकर वह रो पड़े। ई-रिक्शा चालक शाहबुद्दीन की भी आंखें भर आईं।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान, मोहम्मद शमी की 14 महीने बाद वापसी

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से शुरू होने जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का एलान हो गया। शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम की घोषणा कर दी। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की 14 महीने बाद वापसी हुई है।




## टी20 में वापसी के बाद वनडे पर होगी नजर

शमी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। टूर्नामेंट के दौरान वह चोटिल हो गए थे जिसके बाद उनकी साल 2024 की शुरुआत में टखने की सर्जरी हुई थी। इसके बाद उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वापसी की। बीच में खबर आई थी कि तेज गेंदबाज बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। हालांकि, फिटनेस संबंधी कारणों से ऐसा संभव नहीं हो सका। अब शमी को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय स्क्वॉड का हिस्सा बनाया गया है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले 34 वर्षीय गेंदबाज की टीम में वापसी हुई है।

ऐसे में चयनकर्ताओं की नजरें उनके प्रदर्शन और फॉर्म पर होंगी। भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज के अलावा तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी, जिसके लिए अब तक बीसीसीआई ने भारतीय टीम का एलान नहीं किया है। शमी को आखिरी बार टी20 विश्व कप 2022 में इस प्रारूप में खेलते देखा गया था। इसके बाद से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई टी20 मैच नहीं खेला है। शमी के नाम 23 टी20 मैचों में 24 विकेट दर्ज हैं।

## सूर्यकुमार कप्तान और अक्षर होंगे उनके डिप्टी


इंग्लैंड के खिलाफ सूर्यकुमार यादव ही टीम का नेतृत्व करते नजर आएंगे, जबकि अक्षर पटेल उपकप्तानी का जिम्मा संभालते दिखेंगे। इसके अलावा टीम में दो विकेटकीपर बल्लेबाजों को शामिल किया गया है। इनमें संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल शामिल हैं। टीम में ज्यादातर उन खिलाड़ियों को मौका मिला है जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

## नीतीश, सुंदर और हर्षित भी टीम में शामिल

जितेश शर्मा की जगह ध्रुव जुरेल की टीम में एंट्री हुई है। स्टार ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को भी रमनदीप सिंह की जगह शामिल किया गया है। युवा बल्लेबाज ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दमदार प्रदर्शन किया था। हालांकि, वह दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं बन पाए थे।

इसके अलावा वाशिंगटन सुंदर और हर्षित राणा भी टी20 सीरीज में खेलते नजर आएंगे। ये दोनों गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलते नजर आए थे। हैरानी की बात यह है कि इस टीम में शिवम दुबे और रियान पराग को मौका नहीं मिला है।




# भारत में पैर पसार रहा चीनी वायरस

## एक हफ्ते के भीतर गुजरात में चार मामले; अब नौ महीने का बच्चा संक्रमित

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** भारत में नए वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। देश में इसकी संख्या 13 तक पहुंच गई है, वहीं गुजरात में सबसे ज्यादा चार केस की पुष्टि हो चुकी है। इसमें तीन मामले राजधानी अहमदाबाद में सामने आए हैं। इसमे दो नवजात हैं, जिनकी उम्र एक साल से भी कम है। वहीं, संक्रमण का एक मामला 80 वर्षीय बुजुर्ग में भी पाया गया है। अस्थमा से पीड़ित इस मरीज का फिलहाल एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**नौ महीने के बच्चे में संक्रमण की पुष्टि**

सबसे नया केस सबरकांठा से सामने आया है, जहां एक नौ महीने के बच्चे में संक्रमण की पुष्टि हुई है। ये सभी मामले एक हफ्ते से भी कम समय में सामने आए हैं। जानकारी के मुताबिक, 6 जनवरी को बच्चे को सर्दी, खांसी और सांस लेने में तकलीफ के चलते शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अहमदाबाद नगर निगम ने कहा कि बच्चे का विदेश या अन्य यात्रा का कोई इतिहास नहीं है।

**6 जनवरी को दर्ज किया गया पहला केस :** गुजरात में एचएमपीवी का पहला मामला 6 जनवरी को दर्ज किया गया था, जब राजस्थान के दो महीने के एक बच्चे में वायरल बीमारी पाई गई थी, जिसमें बुखार, नाक बंद होना, नाक बहना और खांसी जैसे लक्षण थे। यहां एक अस्पताल में इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। बच्चे के संक्रमण के साथ, राज्य में 6 जनवरी से अब तक एचएमपीवी के चार मामले सामने आ चुके हैं।

## जानें कैसे फैलता है एचएमपीवी?

2001 में खोजा गया एचएमपीवी पैरामिक्सोविरिडे परिवार से संबंधित है। यह रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस से बहुत करीब से संबंधित है। यह खांसने या छींकने से निकलने वाली सांस की बूंदों के साथ-साथ दूषित सतहों को छूने या संक्रमित व्यक्तियों के सीधे संपर्क में आने से फैलता है।

